# बिहार सरकार

## गन्ना उद्योग विभाग 2032

## –: अधिसूचना :–

पटना, दिनांक 22 अक्टूबर, 2026

**अधि०सू०सं०–01 / स्था०राज०–343 / 2025–** श्री अभिनय प्रियदर्शी, सहायक निदेशक, ईख विकास, गयाजी द्वारा पत्नी की ईलाज एवं माता–पिता की देखभाल हेतु दिनांक–29.09.2026 से 24.10.2026 तक की उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–5632 दिनांक–26.06.2015 की कंडिका–08 के अन्तर्गत निहित प्रावधान के आलोक में राजपत्रित पदाधिकारी का मामला होने के परिप्रेक्ष्य में विभागीय पत्रांक–1860 / ई०का० दिनांक–01.10.2026 द्वारा श्री प्रियदर्शी की अवकाश आदेयता की मांग वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग से की गई है।

श्री प्रियदर्शी के Medical Emergency को ध्यान में रखते हुए छुट्टी आदेयता प्रमाण पत्र वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग से आने की प्रत्याशा में श्री अभिनय प्रियदर्शी, सहायक निदेशक, ईख विकास, गयाजी को बिहार सेवा संहिता के नियम 227, 230 एवं 248 के तहत दिनांक– 29.09.2026 से 24.10.2026 तक कुल 26 दिनों का उपार्जित अवकाश पूर्ण वेतन पर स्वीकृत किया जाता है।

2. श्री अभिनय प्रियदर्शी, सहायक निदेशक, ईख विकास, गयाजी के उक्त उपार्जित अवकाश की अवधि में श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, पटना अपने कार्यों के अतिरिक्त सहायक निदेशक, ईख विकास, गयाजी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगें।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

नवनीत 16.10.2026

( नवनीत कुमार दुबे )
सरकार के अवर सचिव।

**अधि०सू०सं०–01 / स्था०राज०–343 / 2025–** 2032 पटना, दिनांक 22 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ (प्रबंधक, आई०टी० गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से) / प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै० दा० नि० को०) विभाग, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, पटना / गयाजी / श्री अभिनय प्रियदर्शी, सहायक निदेशक, ईख विकास, गयाजी / श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, पटना / आई०टी० प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने निमित सूचनार्थ एवं आवशयक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

नवनीत 16.10.2026

सरकार के अवर सचिव।

Sati letter